Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding alleged pollution by Chandrapur Super Power Thermal Station.

श्री बालूभाऊ उर्फ सुरेश नारायण धानोरकर (चन्द्रपुर): माननीय सभापति महोदय, मैं महाराष्ट्र के चन्द्रपुर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूँ । मेरे जिले में 5,500 मेगावाट बिजली का निर्माण होता है । यहाँ छ: सीमेंट प्लांट्स, 10 स्टील प्लांट्स, एक पेपर मिल और लगभग 48 कोल माइंस हैं । चन्द्रपुर सुपर थर्मल पावर स्टेशन, जो 2,940 मेगावाट बिजली का उत्पादन करता है । यूनिट नम्बर 3 और 4 में वर्ष 1985 से प्रतिदिन 210 मेगावाट बिजली का उत्पदान होता है । इसके 37 साल पूरे हुए हैं । कोल पर बिजली निर्माण करने वाली यूनिट की क्षमता 25 साल तक होती है । दोनों यूनिट्स के कारण चन्द्रपुर डिस्ट्रिक्ट पॉल्युटेड हुआ है । यह महाराष्ट्र पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट है । महाराष्ट्र सरकार ने इसकी समय सीमा वर्ष 2030 तक क्यों बढ़ायी है? एमआईडीसी द्वारा इस प्लांट के लिए समय-विस्तार की परमिशन न दी जाए क्योंकि चन्द्रपुर डिस्ट्रिक्ट महाराष्ट्र में एक नम्बर पर पॉल्युटेड है और पूरे देश में नम्बर दो पर पॉल्युटेड है । धन्यवाद ।